## न्यूज डायरी



### अमेरिका का इराक, सीरिया में ईरान समर्थित समूह के खिलाफ हवाई हमले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बगदाद। अमेरिका ने इराक में ईरान समर्थित आतंकवादी समूह के खिलाफ हवाई हमले किए जिसमें 15 लड़ाके मारे गए। यह हमला तब किया गया है जब दो दिन पहले एक रॉकेट हमले में अमेरिका का एक असैन्य ठेकेदार मारा गया था। इराक के एक सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि रविवार को हुए हमले से कुछ घंटे पहले इराक की राजधानी के समीप स्थित अमेरिकी बलों के एक अड्डे के नजदीक चार रॉकेट गिरे। हालांकि कोई हताहत नहीं हुआ। तेहरान समर्थित हाशेद अल–शाबी अर्द्धसैन्य बल के एक अधिकारी ने बताया कि पश्चिमी इराक में अमेरिका के हमलों में 15 लड़ाके मारे गए। पेंटागन के एक प्रवक्ता ने एक बयान में बताया, 'कताइब हिजबुल्ला के इराकी अड्डों पर हमलों के जवाब में गठबंधन बलों, अमेरिकी सेना ने इराक और सीरिया में हिजबुल्ला के ठिकानों के खिलाफ सटीक रक्षात्मक हमले किए।'

### तालिबान ने उत्तरी अफगानिस्तान में हमला किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काबुल। तालिबान ने उत्तरी अफगानिस्तान में सुबह होने से पहले सोमवार को सरकार समर्थित मिलिशिया के परिसर पर हमला किया जिसमें अफगान सुरक्षा बलों के 14 सदस्यों की मौत हो गई। एक स्थानीय अधिकारी ने यह जानकारी दी। तालिबान ने फौरन हमले की जिम्मेदारी ले ली। इस हमले से कुछ घंटे पहले तालिबान ने बताया था कि उनके काउंसिल के नेताओं के बीच अस्थायी देशव्यापी संघर्ष विराम पर सहमति बनी है। यह स्पष्ट नहीं था कि संघर्ष विराम कब से प्रभावी होगा। गवर्नर के प्रवक्ता अब्दुल मारूफ अजेर ने बताया कि जौजजान प्रांत में हुए हमले में मारे गए 14 लोगों में से 13 सरकार समर्थित मिलिशिया के सदस्य थे और एक पुलिसकर्मी था। उन्होंने बताया कि हमले में पांच अन्य मिलिशिया सदस्य जख्मी हो गए और दो लापता हैं। उन्होंने बताया कि अतिरिक्त बल बाद में इलाके में पहुंच पाए और अब यह परिसर पूरी तरह से सरकार के नियंत्रण में है।

### मैरीलैंड में एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त, एक की मौतः अधिकारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। वाशिंगटन के एक उपनगरीय क्षेत्र में एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। यह दुर्घटना कार और वाहन रखने वाले एक रिहायशी क्षेत्र में हुई। स्थानीय अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने इसकी पुष्टि की। मेरीलैंड के प्रिंस जॉर्ज काउंटी के अग्निशमन प्रवक्ता मार्क ब्रैडी ने एएफपी को बताया कि विमान रविवार दोपहर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस विमान ने कॉलेज पार्क एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी। ब्रैडी ने बताया कि विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के पीछे की वजह और पायलट की पहचान की तत्काल जानकारी नहीं मिली है।

### अमेरिका ने रूस को किया आंतकी हमलों के प्रति अलर्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मॉस्को। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपने देश में नववर्ष के मौके पर आतंकी हमलों की योजना को नाकाम करने में मदद के लिए रविवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को धन्यवाद दिया। क्रेमलिन ने अपनी वेबसाइट पर एक संक्षिप्त बयान में कहा कि ट्रंप ने रूस में आतंकी हमलों की आशंका के मद्देनजर विशेष सेवाओं के जरिए जानकारी मुहैया कराई, जिसके लिए पुतिन ने उन्हें धन्यवाद दिया। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी श्तासश ने संघीय सुरक्षा सेवा के हवाले से कहा अमेरिका की ओर से उपलब्ध कराई गई जानकारी के आधार पर रूसी सुरक्षाबलों ने दो रूसियों को हिरासत में लिया, जो आगामी छुट्टियों के दौरान सेंट पीटर्सबर्ग में आतंकी हमलों को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। सुरक्षा सेवा ने कहा कि उसे ष्अमेरिकी सहयोगियों से इसकी जानकारी मिली थी। सेवा के अनुसार संदिग्धों के पास से जो सामग्री बरामद हुई है, उससे इस बात की पुष्टि होती है कि वे आतंकी हमलों की तैयारी कर रहे थे। हालांकि व्हाइट हाउस की ओर से इसपर अभी तक कोई टिप्पणी नहीं आई है।

# जीन एडिटिंग करने वाले वैज्ञानिक को तीन साल के लिए जेल भेजा

**दावा**

पिछले साल जीन में बदलाव कर बच्चे पैदा करने का किया था दावा

## 2 अन्य सहयोगियों को भी 18 महीने की सजा



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। चीन की एक अदालत ने एक वैज्ञानिक को गैर कानूनी तरीके से डॉक्टरी उपचार करने का दोषी पाया है। इसके कारण उनको तीन साल तक जेल में बंद रखने के आदेश दिए है। इस डॉक्टर पर ये आरोप लगाया गया है कि उनसे पहली बार शिशुओं के जीन को संशोधित किया है। इस आरोप को सही पाए जाने पर उसके खिलाफ ये कार्रवाई की गई है।

चीन की आधिकारिक समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक, चीन की एक अदालत ने वैज्ञानिक को गैर कानूनी तरीके से डॉक्टरी उपचार करने का दोषी पाया, इसके बाद उनको ये सजा दी गई है। नवंबर 2018 में हे जिआन्की ने दावा किया था कि उन्होंने सीआरआईएसपीआर केस 9 नामक जीन संशोधन तकनीक का इस्तेमाल कर दो जुड़वां लड़कियों के जीन को संशोधित किया था।

हे जिआन्की चीन के शेनजेन प्रांत में सदर्न यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में बतौर एसोसिएट प्रोफेसर कार्यरत थे। उन्होंने नवम्बर 2018 में दावा किया था कि वह सीआरआईएसपीआर–केस9 के नाम से जानी जाने वाली जीन एडिटिंग तकनीक का इस्तेमाल कर दो जुड़वां लड़कियों के जीन को संशोधित करने में कामयाब रहे हैं ताकि उन्हें भविष्य में एड्स वायरस के संक्रमण से बचाया जा सके। इसके बाद उनके शोध और कार्य की नैतिकता को लेकर चीन में और दुनिया के कई हिस्सों में काफी तेज आलोचना हुई। शिन्हुआ में लिखा गया है कि इस वैज्ञानिक और उनके सहयोगियों ने जाली नैतिक समीक्षा सामग्री बनाई और जीन संशोधन करने के लिए ऐसे एड्स के शिकार पुरुषों को भर्ती किया जो किसी के साथ जोड़े में बंधे थे। अंततः उनके प्रयोगों का नतीजा यह हुआ कि दो महिलाओं ने तीन ऐसे शिशुओं को जन्म दिया जिनके जीन संशोधित थे। अदालत ने अज्ञात चिकित्सा संस्थानों में काम करने वाले झांग रेनली और किन जिनझाओ को भी हे के काम में साथ देने के आरोप में उनसे थोड़ी कम कड़ी सजा सुनाई है।

शिन्हुआ एजेंसी की ओर से कहा गया कि तीनों आरोपियों के पास डॉक्टरी इलाज के लिए उचित प्रमाणन नहीं था, इसके अलावा इन तीनों ने ख्याति और पैसा पाने के लिए जानबूझ कर वैज्ञानिक शोध और डॉक्टरी उपचार में राष्ट्रीय स्तर पर लागू नियमों का उल्लंघन किया। उन्होंने वैज्ञानिक शोध ा और चिकित्सा संबंधी नैतिकता के लिहाज से सबसे गिरा हुआ काम किया। नानशान जिले की शेनझेन नागरिक अदालत ने अपने फैसले में ही और उनके सहयोगियों को अवैध मेडिकल प्रैक्टिस का दोषी करार दिया। ही साउदर्न यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस ऐंड टेक्नॉलजी के पूर्व असोसिएट प्रफेसर रह चुके हैं। ही के साथ झांग रेनिल और किन जिनझाऊ को भी दोषी करार दिया गया। इन दोनों प्रफेसरों को 18 महीने कैद की सजा सुनाई गई।

## लोगों ने की सिडनी आतिशबाजी पर बैन की मांग, पीएम बोले– जरूर होगी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया में दिल्ली का कुछ उल्टा हुआ है। यहां (दिल्ली) सुप्रीम कोर्ट के बैन के बावजूद लोगों ने पटाखे फोड़े थे, वहीं ऑस्ट्रेलिया में लोगों ने पटाखों पर बैन की मांग की जिसे प्रशासन ने ठुकरा दिया। दरअसल, सिडनी में नए साल के जश्न पर आतिशबाजी का जबरदस्त कार्यक्रम होता है। लोगों ने मांग की थी कि इसबार यह कार्यक्रम न किया जाए और इसमें लगनेवाले करोड़ों रुपयों से आग और सूखे से तबाही का शिकार लोगों की मदद की जाए। लेकिन ऐसा नहीं होगा। ˋसिडनी की आतिशबाजी बैन करने के लिए चेंज.ओरजी पर 2 लाख 60 हजार लोगों ने साइन किए थे। लेकिन अधिकारियों ने साफ कहा कि शो जरूर होगा। बता दें कि ऑस्ट्रेलिया इसपर हर साल 4.5 मिलियन डॉलर खर्च करता है। यह भारतीय रुपयों में 32 करोड़ से ज्यादा होता है। लोग चाहते थे यह पैसा लोगों की मदद में लगाया जाए। दरअसल, ऑस्ट्रेलिया के जंगलों में भीषण आग लगी थी, लोग चाहते थे कि उस पैसे से आग को बुझाने में लगे स्वंयसेवी लोगों की या फिर सूखा झेल रहे किसानों की मदद हो।

कैंपेन में कहा गया था कि हवा में वैसे ही बहुत धुआं है। ऐसा सिडनी और दूसरे शहरों के जंगलों में लगी आग की वजह से हुआ था।



बांग्लादेश में महिलाओं की बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ढाका। बांग्लादेश में महिलाओं का पहला बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता की विनर बनीं 19 साल की एक स्टूडेंट। दिलचस्प बात है कि पूरी तरह से ढके हुए वस्त्र ही प्रतियोगियों ने पहने। ऐसा इसलिए किया गया ताकि कपड़ों को लेकर कोई विवाद खड़ा न हो जाए। मुस्लिम बहुल देशों में आम तौर पर इस तरह की प्रतियोगिताओं का चलन नहीं है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होनेवाली महिलाओं की बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में आम तौर पर प्रतियोगी बिकीनी या ऐसा कोई परिधान पहनते हैं।

# तुर्की ने आईएस के खिलाफ चलाया बड़ा अभियान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्तांबुल । तुर्की ने सोमवार को देशभर से इस्लामिक स्टेट समूह के 70 संदिग्ध सदस्यों को गिरफ्तार किया। राज्य समाचार एजेंसी अनादोलु के मुताबिक अंकारा प्रांत में कुल 33 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए समूह के सभी सदस्य इराकी हैं। समूह के अन्ध्य सदस्यों को बैटमैन, कासेरी और अदाना प्रांत से गिरफ्तार किया है।

सोमवार को तुर्की ने आइएस आतंकवादियों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया है। इस्तांबुल के इस कदम का मकसद आइएस को उनके मूल देश में वापस धकेलना है। तुर्की ने 2015 और

**70 संदिग्धों को किया गिरफ्तार**

2016 में आइएस के हमलों का सामना किया है। एक इस्तांबुल नाइट क्लब में 2017 नए साल का जश्न मनाते हुए एक बड़े नरसंहार को अंजाम दिया था। इसमें 39 लोग मारे गए थे।

बता दें कि तुर्की में सैकड़ों की तादाद में विदेशी लड़ाके यहां की जेलों में बंद हैं। तुर्की सरकार ने यह संकेत दिए थे कि वह इन लड़ाकों को वापस भेजेगी चाहे उनके देशों में उनकी नागरिकता रद ही क्यों न कर दी गई हो। तुर्की के गृह मंत्री सुलेमान सोयलू कहते हैं कि दुनिया भर के देशों ने आजकल नागरिकता खत्म कर देने का एक नया तरीका अपना रखा है। उन्होंने कहा कि वे कहते हैं कि उन्हें वहीं सजा मिलनी चाहिए, जहां उन्हें पकड़ा गया है। तुर्की ने उन कथित विदेशी लोगों को जिनके तार इस्लामिक स्टेट समूह से जुड़े हुए थे, वापस उनके देशों में भेजना शुरू कर दिया है भले ही कुछ यूरोपीय देश अपने नागरिकों को वापस लेने को लेकर अनिच्छुक हैं। जर्मनी, डेनमार्क और ब्रिटेन ने इन्हें वापस लौटने से रोकने के लिए अपने उन नागरिकों की नागरिकता समाप्त कर दी है जो कथित तौर पर जिहादी समूह से जुड़े थे। तुर्की ने बताया कि 12 नवंबर को तीन जिहादी लड़ाकों को उनके अपने देश जर्मनी, डेनमार्क और अमरीका भेज दिया गया है।

### सोमालिया विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़ कर 81 हुईः सरकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मोगादिशू। सोमालिया की राजधानी में हुए भयंकर बम विस्फोट में मृतकों की संख्या बढ़ कर 81 पर पहुंच गई है। सरकार के एक प्रवक्ता ने लापता लोगों की तलाश जारी रहने के बीच सोमवार को यह जानकारी दी। मोगादिशू के भीड़–भाड़ वाले चौराहे पर शनिवार को हुआ विस्फोट पिछले दो वर्षों में देश में हुआ सबसे घातक विस्फोट था। अब तक किसी ने भी इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है लेकिन राष्ट्रपति मोहम्मद अब्दुल्लाही मोहम्मद ने इसके लिए इस्लामी संगठन अल शबाब को जिम्मेदार ठहराया है। यह संगठन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर समर्थन प्राप्त सरकार को गिराने की दशकों की कोशिश के तहत कार बम विस्फोट एवं अन्य हमलों को अंजाम देता रहा है। सोमालिया के सूचना मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल मुख्तार ने कहा, "मृतकों की कुल संख्या फिलहाल 81 है। दो घायलों ने भी दम तोड़ दिया।" मुख्तार ने कहा कि दम तोड़ने वाले इन घायलों में तुर्की के सैन्य विमान के जरिए रविवार को तुर्की ले जाया गया व्यक्ति भी शामिल है। शनिवार के विस्फोट में करीब 125 लोग घायल हो गए थे।